दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg.No.MH180326353

पदमावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र एवं राजस्थान से प्रकाशित •

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

• वर्ष : 13 • डिजिटल अंक : 68 • मुंबई, मंगलवार, 03 नवंबर, 2026 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • कुल पृष्ठ : 04 • मूल्य : 0.00 • नि:शुल्क

खबर संक्षेप

जम्मू में विधानसभा सचिवालय खुलने पर स्पीकर अब्दुल रहीम राथर का गर्मजोशी से स्वागत

जम्मू @ पदमावत मीडिया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के स्पीकर अब्दुल रहीम राथर का



सोमवार को शीतकालीन राजधानी जम्मू में दरबार मूव कार्यालयों के खुलने के पहले दिन विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने जम्मू में विधानसभा सचिवालय का शीतकालीन कामकाज शुरू होने पर स्पीकर को शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत के दौरान स्पीकर ने विधानसभा सचिवालय के सुचारु और प्रभावी संचालन के लिए उनके समर्पण एवं प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने आधिकारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में व्यावसायिकता, अनुशासन और कार्यकुशलता के उच्च मानक बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही सचिवालय की सभी शाखाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सरकारी कार्यों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा सेवाओं को पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने शीतकालीन कार्यकाल के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि विधानसभा सचिवालय विधायिका की गरिमा, परंपराओं और संस्थागत जिम्मेदारियों को बनाए रखेगा।

अवैध मदिरा के खिलाफ विशेष अभियान, कई जिलों में कार्रवाई

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देश पर प्रदेश में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए 1 से 7 नवंबर तक विशेष निरोधात्मक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जोधपुर के पीपाड़ सिटी में एक होटल से 73 पव्वे देशी मदिरा, 12 बीयर की बोतलें और 7 पव्वे अंग्रेजी मदिरा बरामद किए गए। ब्यावर के ग्राम बलेव में एक मकान से चंडीगढ़ में बिक्री के लिए निर्धारित मेक्डावल व्हिस्की के 16 कार्टन में 810 पव्वे जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 2 लाख 550 रुपये बताई गई है। सिरोही के आबूरोड क्षेत्र में 500 लीटर वॉश और एक मदिरा भट्टी नष्ट की गई तथा 15 लीटर अवैध हथकड़ मदिरा जब्त की गई। एक अन्य कार्रवाई में एक्टिवा से बीयर और आईएमएफएल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। चित्तौड़गढ़ के बेगूं और कपासन क्षेत्रों में 1,000 लीटर वॉश नष्ट कर 238 पव्वे देशी मदिरा और हथकड़ शराब की 7 बोतलें जब्त की गईं। भरतपुर के डीग में 3,000 लीटर वॉश और दो मदिरा भट्टियां नष्ट कर 125 लीटर हथकड़ मदिरा जब्त की गई।

विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह में 60 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान, युवाओं को आरएएस परीक्षा की तैयारी के गुर बताए

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। विप्र फाउंडेशन के शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ तथा सहस्र औदिच्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नवी धर्मशाला, सेक्टर-14 में द्वितीय विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह एवं आरएएस परीक्षा निःशुल्क मार्गदर्शन सेमिनार आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न शैक्षणिक परीक्षाओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली 60 से अधिक विप्र प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। वहीं, विप्र समाज के युवाओं की राज्य एवं केंद्र सरकार की उच्च प्रशासनिक सेवाओं में भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आरएएस अभ्यर्थियों को विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में उदयपुर शहर के साथ दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य जिलों से विद्यार्थी अपने अभिभावकों सहित शामिल हुए। जिला शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ के मुख्य जिला प्रभारी डॉ. मनीष श्रीमाली ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन के उद्देश्यों और समाज में शैक्षणिक जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।









आरएएस अधिकारियों ने बताए सफलता के सूत्र

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आरएएस अधिकारी लतिका पालीवाल और विशिष्ट अतिथि आरएएस अधिकारी अशोक गौड़ रहे। अध्यक्षता सहस्र औदिच्य समाज उदयपुर की अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने की। दोनों प्रशासनिक अधिकारियों ने आरएएस परीक्षा की तैयारी, अध्ययन रणनीति, पाठ्यक्रम की समझ, उत्तर लेखन और साक्षात्कार की प्रभावी तैयारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करना, अनुशासित अध्ययन करना और निरंतर अभ्यास आवश्यक है। सही रणनीति और नियमित तैयारी के माध्यम से विद्यार्थी अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकते हैं।

शिक्षा और मार्गदर्शन से होगा युवा पीढ़ी का भविष्य निर्माण

विप्र फाउंडेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य एवं शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. एच. आर. दवे ने अपने संबोधन में प्रकोष्ठ की ओर से युवाओं की प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भागीदारी बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन समाज के शैक्षणिक सशक्तीकरण तथा युवा पीढ़ी के भविष्य निर्माण की आधारशिला है।

महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलगुरु डॉ. उमाशंकर शर्मा ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को विषय एवं संकाय चयन के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संकाय चयन भविष्य निर्माण की पहली सीढ़ी है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता और भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप विषय का चयन करना चाहिए।

पिछले दो वर्षों में आरएएस सहित विभिन्न पदों पर चयन

शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव गणेश नागदा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन से पिछले वर्ष 13 और इस वर्ष 8 विप्र विद्यार्थियों का आरएएस परीक्षा में चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त 10 विद्यार्थियों का असिस्टेंट प्रोफेसर, 3 का कॉलेज व्याख्याता और 3 का कॉलेज लाइब्रेरियन पदों पर चयन हुआ है। उन्होंने इन उपलब्धियों को विद्यार्थियों की मेहनत और उचित मार्गदर्शन का परिणाम बताया।

भावना व्यास ने प्रतिभा सम्मान समारोह के संचालन में सहयोग किया। प्रणय जानी ने डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में विप्र विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध ऑनलाइन पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने रियायती दरों पर डिजिटल पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने की पहल के बारे में भी बताया।

साझा प्रयासों से समाज को मिलेगी नई दिशा

विप्र फाउंडेशन जोन-1ए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पालीवाल ने कहा कि शिक्षा प्रकोष्ठ और सहस्र औदिच्य समाज की यह संयुक्त पहल समाज के शैक्षणिक विकास की दिशा में सराहनीय प्रयास है। उन्होंने विश्वास जताया कि विप्र समाज के विभिन्न घटक भविष्य में भी ऐसे साझा आयोजन कर समाज को नई दिशा प्रदान करेंगे।

सहस्र औदिच्य समाज की अध्यक्ष इंदिरा शर्मा ने कहा कि प्रशासनिक सेवा परीक्षाओं के लिए आयोजित जागरूकता और मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए लाभकारी साबित होंगे। ऐसे आयोजन युवाओं में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने की प्रेरणा जगाते हैं।

कई पदाधिकारियों और समाजजनों की रही सहभागिता

कार्यक्रम में दिनेश शुक्ला, नीरज नागदा, राजेश पालीवाल, अनुराग त्रिपाठी, डॉ. रश्मि बोहरा, लीलाधर नागदा, प्रदीप गर्ग, सुशील वशिष्ठ, डॉ. मनीष तिवारी, महेंद्र आमेटा, जयप्रकाश श्रीमाली और केशव व्यास सहित अनेक पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहस्र औदिच्य समाज की ओर से दिलीप व्यास, राहुल व्यास और सह सचिव डॉ. योगेश जानी सहित समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

समारोह का उद्देश्य प्रतिभाओं का सम्मान करने के साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना और उन्हें सामान्य विद्यार्थी से प्रशासनिक सेवा तक पहुंचने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के अंत में दीपिका मेनारिया ने अतिथियों, प्रतिभागियों, अभिभावकों और सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

आयुर्वेद महाविद्यालय में सात दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू, योगाभ्यास और पौधारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। मदन मोहन मालवीय राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सतत जीवनशैली सप्ताह के तहत सात दिवसीय जागरूकता अभियान का शुभारंभ योगाभ्यास, पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि यह आयोजन राजस्थान सरकार के पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के निदेर्शानुसार किया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. पप्पूलाल शर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव कम करने वाली आदतों को बढ़ावा देना है। द्रव्यगुण विभाग के निर्देशन में प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. पप्पूलाल शर्मा, प्रो. अवधेश भट्ट, प्रो. जितेन्द्र शर्मा, प्रो. रामकुमार भाम्भू, प्रो. पंकज मारोलिया, सहायक आचार्य डॉ. रुही जहीर, डॉ. इकबाल खान गौरी, डॉ. देवीचंद विश्नोई और स्नातकोत्तर अध्येताओं ने पौधारोपण किया। योगाभ्यास का संचालन डॉ. इकबाल खान गौरी और मोनल सेन ने किया। उन्होंने नियमित योगाभ्यास, अनुशासित दिनचर्या और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. पप्पूलाल शर्मा ने प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान जल संरक्षण, ऊर्जा बचत, प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग और प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदारीपूर्वक इस्तेमाल का संकल्प लिया गया। अभियान के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल आदतों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।







पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान दल रवाना, मंगलवार को मतदान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



प्रतापगढ़। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तृतीय चरण के तहत जिला परिषद और छोटी सादड़ी, धमोतर, धरियावद एवं दलोट पंचायत समितियों के सदस्य पदों के लिए 3 नवंबर को मतदान होगा। इसके लिए सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नीमच नाका से मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री देकर आवंटित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जिले में 411 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। निर्वाचन पर्यवेक्षक डॉ. वी.सी. गर्ग ने मतदान कार्मिकों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर शुभम चौधरी ने भी सभी कार्मिकों से जिम्मेदारीपूर्वक दायित्व निभाने की अपील की।

तृतीय चरण में जिला परिषद के 13 और पंचायत समितियों के 74 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान होगा। इसके अंतर्गत 163 ग्राम पंचायतों के 1,297 वार्ड शामिल हैं। धरियावद में 140, धमोतर में 80, दलोट में 68 और छोटी सादड़ी में 123 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर विजयेश कुमार पंड्या ने मतदान दलों को आपसी समन्वय, अनुशासन और समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

पंचायतीराज आम चुनाव-2026: चार पंचायत समितियों में मंगलवार को मतदान, 2.58 लाख मतदाता करेंगे वोटिंग

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तृतीय चरण के मतदान को लेकर जिला निर्वाचन प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंगलवार, 3 नवंबर को पंचायत समिति खेरवाड़ा, ऋषभदेव, कल्याणपुर और नयागांव क्षेत्रों में मतदान होगा। इसके लिए सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल के निर्देशन में सुखाड़िया रंगमंच सभागार में मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों ने निर्वाचन सामग्री प्राप्त कर अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए प्रस्थान किया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान संबंधी दायित्वों और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने कार्मिकों को उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना सभी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने मतदान के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना करने, निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य करने और प्रत्येक गतिविधि में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा मतदान के प्रत्येक चरण में निर्धारित नियमों और प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रीतम कुमार, प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी कीर्ति राठौड़ सहित संबंधित अधिकारी और कार्मिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों ने पीएमश्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थापित काउंटरों से अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए आवश्यक निर्वाचन सामग्री प्राप्त की। इसके बाद निर्धारित वाहनों से आवंटित मतदान बूथों के लिए रवाना हुए। जिला निर्वाचन प्रशासन ने मतदान दलों की रवानगी और निर्वाचन सामग्री वितरण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, ताकि सभी दल समय पर केंद्रों पर पहुंचकर मतदान संबंधी आवश्यक तैयारियां पूरी कर सकें। तृतीय चरण के चुनाव में जिला परिषद के 8 वार्डों के लिए 24 प्रत्याशी और पंचायत समिति सदस्य के 62 वार्डों के लिए 214 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन चार पंचायत समितियों में मंगलवार को मतदान कराया जाएगा। चुनाव को लेकर निर्वाचन प्रशासन ने आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं।





इन चार पंचायत समितियों की 117 ग्राम पंचायतों में आगामी 5 नवंबर को पंच और सरपंच पदों के लिए निर्वाचन कराया जाएगा। तृतीय चरण में कुल 2 लाख 58 हजार मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। निर्वाचन प्रशासन की ओर से मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयारियां की गई हैं।

बाल यौन शोषण सामग्री मामले में यूपी सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता समेत दो दोषियों को सजा

- सीबीआई की विशेष अदालत ने एक आरोपी को तीन वर्ष और दूसरे को एक वर्ष के कठोर कारावास के साथ जुमार्ने से दंडित किया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

लखनऊ। बाल यौन शोषण एवं शोषणकारी सामग्री के इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रकाशन और प्रसारण से जुड़े मामले में सीबीआई की अदालत ने उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता रामभवन और निजी व्यक्ति निलेश बलिराम गोरे को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने 31 अक्टूबर 2026 को सुनाए गए फैसले में रामभवन को तीन वर्ष के कठोर कारावास और जुमार्ने तथा निलेश बलिराम गोरे को एक वर्ष के कठोर कारावास और जुमार्ने से दंडित किया।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले में 23 अप्रैल 2022 को दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप था कि ऑनलाइन मंचों के माध्यम से बाल यौन शोषण एवं शोषणकारी सामग्री का संग्रह, प्रसारण और प्रकाशन किया गया। मामले की जांच के दौरान महाराष्ट्र के भुसावल और जलगांव में तलाशी ली गई। इस दौरान डिजिटल उपकरण जब्त कर उनकी जांच की गई।



जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 30 दिसंबर 2022 को दोनों आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। विचारण अदालत ने 21 जुलाई 2026 को आरोप तय किए। सुनवाई और विचारण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया और उनके अपराध के अनुसार सजा सुनाई।

डिजिटल साक्ष्यों की जांच के बाद हुई कार्रवाई

सीबीआई की जांच में ऑनलाइन गतिविधियों से संबंधित डिजिटल उपकरणों की जांच महत्वपूर्ण रही। जांच पूरी होने पर प्रस्तुत आरोपपत्र और विचारण के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया। अदालत ने रामभवन को तीन वर्ष तथा निलेश बलिराम गोरे को एक वर्ष के कठोर कारावास के साथ जुमार्ने की सजा सुनाई।

खबर संक्षेप

आरटीयू कोटा के प्राणवेद केंद्र की टीम ने एनआईटी कुरुक्षेत्र का किया भ्रमण

कोटा @ पदमावत मीडिया। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के प्राणवेद केंद्र के वालंटियर्स ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), कुरुक्षेत्र का दो दिवसीय



शैक्षणिक भ्रमण किया। सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि डॉ. लता गिदवानी के निर्देशन में टीम ने एकाग्रता, तनाव प्रबंधन और ध्यान पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। इस दौरान माइंडवेव, म्यूज ई-सेंस, पीआईपी स्ट्रेस ट्रैकर और माइंड फ्लेक्स जैसे आधुनिक उपकरणों के माध्यम से मस्तिष्क की गतिविधियों, एकाग्रता और तनाव से जुड़े संकेतों को समझने का व्यावहारिक अनुभव दिया गया। वालंटियर्स प्रदीप गुप्ता, नितिन मेघवाल, हितेश दाधीच और विष्णु गुप्ता ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय को बढ़ावा देना था। एनआईटी कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों और अधिकारियों ने ध्यान एवं आधुनिक तकनीक के समन्वय में रुचि दिखाई तथा संस्थान में मेडिटेशन और वेलनेस सेंटर स्थापित करने की इच्छा जताई। दोनों संस्थानों ने भविष्य में संयुक्त कार्यशालाओं और छात्र विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से सहयोग बढ़ाने की संभावना व्यक्त की।

केंद्रीय कारागृह में बिजली बचत और उपकरणों के रखरखाव पर जागरूकता कार्यक्रम

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। केंद्रीय कारागृह उदयपुर में 1 से 7 नवंबर तक आयोजित ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह-2026 के दूसरे दिन सोमवार को बिजली बचत, विद्युत उपकरणों के रखरखाव और सुरक्षित संचालन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कारागृह के अधिकारियों, कर्मचारियों और लगभग 1100 बंदियों ने भाग लिया। जेल अधीक्षक राजपाल सिंह और बिजली संबंधी कार्य करने वाले कार्मिक रामेश्वर प्रसाद प्रहरी ने बंदियों एवं कर्मचारियों को बिजली बचत के तरीके बताए। साथ ही पंखे, आटा गूंथने की मशीन, चपाती बनाने की मशीन, जेल उद्योगशाला की पावरलूम मशीन, लोहे की चद्दर काटने की मशीन और ड्रिल मशीन सहित विभिन्न विद्युत उपकरणों के रखरखाव एवं सुरक्षित संचालन की जानकारी दी। जेल अधीक्षक राजपाल सिंह ने कहा कि बिजली की प्रत्येक यूनिट का महत्व समझते हुए अनावश्यक खपत से बचना चाहिए। उन्होंने सभी से काम पूरा होने पर विद्युत उपकरणों के स्विच बंद करने और बिजली बचत को सामूहिक जिम्मेदारी बनाने की अपील की। उन्होंने सभी को ऊर्जा प्रहरी बनकर बिजली संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कारापाल भगवान सहाय मीणा, अचलाराम, भारमल, उप कारापाल दिलावर खान सहित मुख्य प्रहरी, प्रहरी और बंदी उपस्थित रहे।

चुनाव ड्यूटी के लिए अधिग्रहित वाहन अन्यत्र ले जाने पर तीन मालिकों को नोटिस

जयपुर @ पदमावत मीडिया। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत निर्वाचन कार्य के लिए अधिग्रहित वाहनों को अन्यत्र ले जाने और ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के मामले में प्रादेशिक परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अधिकारी, जयपुर प्रथम ने तीन वाहन मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। संबंधित वाहन मालिकों को तीन कार्य दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी चम्पालाल ने बताया कि वाहन संख्या आरजे 14 टीएच 3083 (मारुति टूर एस सीएनजी), मालिक अशोक कुमार बैरवा, को माधोराजपुरा तथा आरजे 14 टीजी 9479 (मारुति टूर एस सीएनजी), मालिक शुभम गुर्जर और आरजे 14 टीएच 8880 (मारुति डिजायर जेडएक्सआई), मालिक श्रीनिवास को कोटखावदा पंचायत समिति में चुनाव कार्य के लिए अधिग्रहित किया गया था। अधिग्रहण के बाद संबंधित वाहन मालिकों ने वाहन अन्यत्र ले गए और फोन भी रिसीव नहीं किए। इसके कारण वे निर्वाचन ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। मामले में कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए नोटिस जारी किए गए हैं। निर्धारित अवधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 86 के तहत संबंधित वाहनों के परमिट निलंबित या निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने वाले बस मालिकों के खिलाफ भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्मार्ट सिटी उदयपुर की प्रतिभाएं भी स्मार्ट, दीपावली मेले में रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

स्थानीय कलाकारों ने नृत्य और संगीत से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध, दिन से देर रात तक रही खरीदारी की धूम; आज शैलेश लोढ़ा सहित देश के ख्यातनाम कवियों का होगा कवि सम्मेलन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। नगर निगम उदयपुर की ओर से आयोजित दीपावली मेला 2026 में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान स्मार्ट सिटी की स्थानीय प्रतिभाओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नृत्य और संगीत की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक रुककर कार्यक्रम देखने लगे। स्थानीय कलाकारों की प्रतिभा देखकर लोगों के बीच यह चर्चा रही कि उदयपुर केवल स्मार्ट सिटी ही नहीं, बल्कि प्रतिभाओं से भरी सिटी भी है।

नगर निगम महापौर पारस सिंघवी ने कहा कि उदयपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। यहां के कलाकारों को केवल अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से नगर निगम प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दीपावली मेले में स्थानीय प्रतिभागियों को मंच उपलब्ध कराता है और उनकी प्रस्तुतियों के बाद सम्मानित भी करता है। इस मंच के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी पहचान बनाने और अपनी प्रतिभा को लोगों तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है।

दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर पारस सिंघवी, गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा के कुलपति शिवसिंह सारंगदेवोत, प्रदेश पदाधिकारी एवं समाजसेवी अलका मूंदड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, समाजसेवी प्रकाश कोठारी, अनिल नाहर, सुनील चौधरी, मोहन पटेल, रवि नाहर, दिनेश श्रीमाली, अग्रवाल समाज अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कांग्रेस संगठन महामंत्री एवं समाजसेवी धर्मेन्द्र राजोरा, समाजसेवी नासिर खान, इकराम कुरैशी, मेनारिया समाज अध्यक्ष बंशी मेनारिया,



सुहालका समाज अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सुहालका और टेलर समाज अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती और भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

नन्हे कलाकारों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक ने बांधा समां

नगर निगम मेला संयोजक प्रमोद सामर के अनुसार सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत माहिका ने मधुबन में राधिका नाची रे गीत पर धमाकेदार नृत्य प्रस्तुति देकर की। इसके बाद देवांश त्रिवेदी ने हल्दीघाटी में समर लड़ियों गीत गाकर वातावरण को मातृभूमि के प्रति भक्ति और गौरव की भावना से भर दिया। दियरा जुनेजा की शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति ने भी दर्शकों का मन मोह लिया।

संगीत की प्रस्तुतियों में चेल्सी दाधीच ने केसरिया बना ओ थारी बोली प्यारी लागे गीत गाकर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। इसके बाद तन्वी राव ने किशोर कुमार के गीतों की प्रस्तुति दी, जबकि राधिका भाटिया ने कैसे मैं मिलाऊं नैन तोसों सजना गीत गाकर सांस्कृतिक संध्या में रंग जमा दिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रिया गोस्वामी ने ढोलक और तबले के साथ जुगलबंदी करते हुए चुरा लिया है तुमने जो दिल को गीत प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति पर दर्शकों ने जमकर सराहना की। इसके बाद कलाकारों ने कई लोकप्रिय गीतों का मेडले प्रस्तुत किया, जिसने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया। पूर्व पार्षद मुकेश शर्मा ने अपनी तो जैसे तैसे गीत गाकर दर्शकों की वाहवाही बटोरी।

गायकों की प्रस्तुतियों के साथ नृत्य कलाकारों ने भी अपनी कला से दर्शकों को आकर्षित किया। मेले में घूमने आए लोग भी प्रस्तुतियां देखने के लिए रुक गए। लगातार हुई शानदार प्रस्तुतियों के बीच दर्शकों ने स्थानीय कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। दो दिन तक स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने में कर्तव्य दवे और बैंड के ऑर्केस्ट्रा ने भी योगदान दिया।

ऑडिशन के बाद चुने जाते हैं कलाकार

दीपावली मेला कलाकार चयन समिति की अध्यक्ष निधि गोधा ने बताया कि स्थानीय प्रतिभागियों का चयन नगर निगम की ओर से सावधानीपूर्वक किया जाता है। महापौर पारस सिंघवी और आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर अनुभवी निर्णायकों की टीम ऑडिशन के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी की प्रस्तुति के विभिन्न पहलुओं का आकलन करती है। चयन प्रक्रिया के बाद उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मंच पर प्रस्तुति का अवसर दिया जाता है।

इस प्रक्रिया में निगम के कनिष्ठ अधिकारी प्रदीप वैष्णव के साथ मनमोहन भटनागर, अमित यादव और डॉ. वीणा लोहार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन सभी को अपने क्षेत्र में कई वर्षों का अनुभव है।

महापौर और आयुक्त ने दिए प्रशस्ति पत्र

दीपावली मेले की सांस्कृतिक संध्या में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को महापौर पारस सिंघवी और नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान मिलने पर प्रतिभागियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों का मनोबल बढ़ाने के साथ उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना है।

देर रात तक बाजार में रही खरीदारों की भीड़

दीपावली मेला प्रेस समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह राठौड़ ने बताया कि एक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दर्शकों का मनोरंजन कर रही थीं, वहीं दूसरी ओर मेले में दिन से देर रात तक खरीदारों की भीड़ बनी रही। लोगों ने जमकर खरीदारी की और झूलों का आनंद लिया। मौसम में हल्की गुलाबी ठंडक के चलते गर्म व्यंजनों की मांग भी बढ़ गई है, जिससे मेले का आकर्षण और बढ़ गया।

मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। आगंतुकों की सुविधा के लिए टाउन हॉल पार्किंग, श्रमजीवी कॉलेज, आरसीए ग्राउंड और कस्तूरबा मातृ मंदिर में निःशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है। नगर निगम के सामने वाली सड़क पर जाम की स्थिति न बने, इसके लिए होमगार्ड और सिविल डिफेंस की टीम तैनात की गई है।

महापौर ने किया मेले का निरीक्षण

महापौर पारस सिंघवी ने मेले का निरीक्षण कर राजस्व और स्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मेले में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने तथा पार्किंग व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

आज शैलेश लोढ़ा सहित ख्यातनाम कवि करेंगे काव्य पाठ

नगर निगम मेला संयोजक प्रमोद सामर ने बताया कि मंगलवार को मेले में कवि सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें शैलेश लोढ़ा के साथ देश के ख्यातनाम कवि अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। शब्दों के व्यंग्य, हास्य और काव्य की प्रस्तुतियों से सजी इस शाम को लेकर मेले में आने वाले लोगों में उत्साह है।

ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश, ढाई हजार से अधिक विद्यार्थियों ने ली शपथ

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। ब्रिक्स सतत जीवनशैली सप्ताह के तहत सोमवार को बिजली विभाग की ओर से जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत 30 से अधिक विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान ढाई हजार से अधिक विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई गई। एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता के.आर. मीणा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराना और दैनिक जीवन में ऐसे सकारात्मक बदलाव अपनाने के लिए प्रेरित करना है, जिनसे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हो सके तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बताया गया कि छोटी-छोटी आदतों में बदलाव करके भी पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। इसके लिए पानी बचाने, स्वच्छता बनाए रखने, प्लास्टिक का कम उपयोग करने और प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने की सीख दी गई। ऊर्जा संरक्षण पर जोर देते हुए बच्चों को घरों और विद्यालयों में अनावश्यक बिजली खर्च रोकने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें समझाया गया कि कमरे से बाहर निकलते समय लाइट, पंखे और अन्य विद्युत उपकरण बंद रखने की आदत अपनाकर बिजली की खपत कम की जा सकती है।

पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण के लिए 442 मतदान केंद्रों पर मतदान दल रवाना







पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तृतीय चरण के तहत जयपुर जिले की पांच पंचायत समितियों और जिला परिषद के वार्डों में 3 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए सोमवार को श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फामेसी परिसर से मतदान दल रवाना हुए। अंतिम प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को ईवीएम और निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर निष्पक्ष, स्वतंत्र और सुचारु मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान दलों और मतदाताओं की सुविधा के लिए शुद्ध पेयजल, शौचालय, स्वच्छता, निर्बाध बिजली आपूर्ति और सुरक्षा सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। तृतीय चरण में चाकसू, कोटखावदा, माधोराजपुरा, फागी और सांगानेर पंचायत समितियों के कुल 442 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। इनमें फागी के 90, माधोराजपुरा के 93, चाकसू के 93, कोटखावदा के 82 और सांगानेर के 84 मतदान केंद्र शामिल हैं।

इस चरण में कुल 77 पंचायत समिति वार्ड और 133 ग्राम पंचायतों के लिए 3 लाख 74 हजार 816 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला परिषद के वार्ड संख्या 27 से 37 तथा पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 3 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए 4 नवंबर को नामांकन प्रक्रिया तथा 5 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना होगी, जबकि 6 नवंबर को उपसरपंच पद के चुनाव होंगे। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य पदों के सभी चरणों की मतगणना 20 नवंबर को सुबह 8 बजे से श्री भवानी निकेतन कॉलेज ऑफ फामेसी परिसर में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के बाद ईवीएम को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षित रूप से संग्रहण स्थल तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए।

दीपावली पर्व को लेकर उदयपुर पुलिस अलर्ट, एसपी डॉ. अमृता दुहन ने यातायात व रूट डायवर्जन व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। दीपावली पर्व, स्थानीय मेलों और पर्यटन सीजन के मद्देनजर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए उदयपुर पुलिस सतर्क है। इसी क्रम में 2 नवंबर 2026 को जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर यातायात एवं रूट डायवर्जन व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा तथा यातायात प्रभारी पुलिस उप अधीक्षक भंवर लाल चौधरी भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान एसपी डॉ. अमृता दुहन ने अधिकारियों और ड्यूटी पर तैनात



पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि दीपावली मेले और त्योहारों के दौरान स्थानीय नागरिकों के साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों को यातायात संबंधी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के साथ रूट डायवर्जन व्यवस्था की प्रभावी निगरानी करने को कहा गया।

एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर निगम की टीम के साथ पूर्व में हटाए गए अतिक्रमण वाले स्थानों पर यदि दोबारा अस्थायी अतिक्रमण किया गया है, तो उसे फिर से हटाया जाए। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी से तैनात रहकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर नजर रखने और नियमों की सख्ती से पालना करवाने के निर्देश दिए।

आमजन से यातायात नियमों की पालना की अपील

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने आमजन और वाहन चालकों से अपील की कि झीलों की नगरी उदयपुर एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन स्थल है। आगामी दिनों में यहां बड़ी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटकों के आने की संभावना है। ऐसे में शहर की बेहतर छवि बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और सुरक्षित सफर सुनिश्चित करने के लिए सभी नागरिक यातायात नियमों का पूरी निष्ठा से पालन करें। पुलिस प्रशासन ने त्योहारों और पर्यटन सीजन के दौरान शहर में सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

मेघवाल बस्ती में सनातन संस्कृति जागरण संघ ने कराया 191वां यज्ञ, अंधविश्वास और नशे के बहिष्कार का आह्वान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

संवाददाता : माणकमल भंडारी

भीनमाल । सनातन संस्कृति जागरण संघ की ओर से घर-घर यज्ञ अभियान के तहत नीलकंठ महादेव मंदिर के पास स्थित मेघवाल बस्ती में 191वें यज्ञ का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य समरस, समरूप, एकरूप और व्यसनमुक्त संगठित हिंदू समाज की स्थापना करना है। संघ के वरिष्ठ सदस्य रामलाल पुरोहित ने बताया कि यज्ञ में अमराराम मेघवाल मुख्य यजमान बने। बस्ती के परिवारों, महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने यज्ञ में आहुतियां दीं। यज्ञ की समाप्ति पर कई लोगों ने यज्ञ वेदी को साक्षी मानकर मांसाहार, शराब, बीड़ी और गुटखा जैसे व्यसन छोड़ने तथा भोपा प्रथा, पाखंड और अंधविश्वास के बहिष्कार का संकल्प लिया। साथ ही बच्चों को शिक्षा दिलाने का भी संकल्प लिया गया। यज्ञ का संपादन राव विक्रमसिंह आर्य ने वैदिक रीति से करवाया। नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने बताया कि यज्ञ के बाद



युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को समाप्त करने, उन्हें नैतिकता और अध्यात्म से जोड़ने तथा हिंदू समाज में समानता का भाव बढ़ाने पर चर्चा हुई। इस दौरान वालाराम मौर्य, डॉ. अक्षय बोहरा और दीपाराम गहलोत ने सुझाव दिए, जिनका उपस्थित लोगों ने समर्थन किया। कार्यक्रम में सुखराज माली, केवाराम मेघवाल, उत्तम मेघवाल, अरविंद मेघवाल, ओटाराम मेघवाल, कालूराम वाल्मीकि, राजूसिंह माली, आर्य राहुल बंजारा, आर्य अक्षय बंजारा, रतन बंजारा, हेमंत मेघवाल, महेंद्र जीनगर, हितेश बंजारा सहित कई लोग मौजूद रहे। आयोजन के दौरान बस्ती के कई लोग सनातन संस्कृति जागरण संघ से जुड़े। कार्यक्रम में सभी ने सामूहिक रूप से चाय और जलपान भी ग्रहण किया।

संभागीय आयुक्त खजान सिंह ने किया मिठाई दर सूची के पोस्टर का विमोचन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। उदयपुर सहकारी उपभोक्ता थोक भंडार की ओर से इस वर्ष भी दीपावली पर आमजन को शुद्ध मिठाइयां वाजिब दाम पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मिठाइयों की विक्रय दर सूची के पोस्टर का विमोचन सोमवार को संभागीय आयुक्त खजान सिंह ने किया। उन्होंने भंडार के महाप्रबंधक



डॉ. प्रमोद कुमार से मिठाइयों की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली और आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए भंडार के प्रयासों को सराहनीय बताया। उन्होंने मिठाइयों की बिक्री के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। इस अवसर पर भंडार प्रशासक एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रार सहकारी समितियां नानालाल चावला ने सुपरमार्केट की गतिविधियों की जानकारी दी। संभागीय आयुक्त ने उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने और उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखने पर भी जोर दिया। महाप्रबंधक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि काजू कतली, मक्खन बड़े, बेसन चक्की, सोहन पपड़ी, नमकीन और ड्राई फ्रूट पैक सोमवार से ही भंडार के सभी सुपरमार्केट में उपलब्ध हैं। इनकी अग्रिम बुकिंग भी की जाएगी। सभी मिठाइयां शुद्ध सरस घी से निर्मित और बिना चांदी के वर्क के हैं। निर्धारित दरों के अनुसार काजू कतली 800 रुपये प्रति किलो, सोहन पपड़ी 460 रुपये, बेसन चक्की 480 रुपये, मक्खन बड़े 540 रुपये और नमकीन 260 रुपये प्रति किलो उपलब्ध होंगे। वहीं, ड्राई फ्रूट पैक की कीमत 500 रुपये रखी गई है। पोस्टर विमोचन के अवसर पर उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां राजकुमार खांडिया, नियुक्ति शाखा प्रभारी सतीश परिहार, अरुण गौड़ सहित अन्य अधिकारी और भंडार के कर्मचारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

लोकतंत्र की असली ताकत है अपना वोट, युवाओं से हुआ संवाद

राजसमंद @ पदमावत मीडिया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत राजसमंद और सेंट मीरा संस्थान, नाथद्वारा के संयुक्त



तत्वावधान में युवा अपने वोट को जाने विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मतदान के अधिकार और लोकतंत्र में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था। युवा आइकन एवं वक्ता रुद्र व्यास ने प्रोजेक्टर और पीपीटी के माध्यम से विकसित भारत-2047 के निर्माण में युवाओं की भूमिका समझाई। प्राचार्य बृजलता सिंह चौधरी और संस्था सचिव हरिओम सिंह चौधरी ने भी मतदान के महत्व पर विचार रखे। कार्यक्रम में युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, निर्वाचन प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग की भूमिका, निष्पक्ष मतदान और लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी दी गई। खिलाड़ी यूथ आइकन महिपाल हिंगड़ ने अपनी खेल यात्रा के अनुभव साझा कर युवाओं को प्रेरित किया। प्रश्नोत्तरी और संवाद सत्र के बाद उपस्थित युवाओं को लोकतांत्रिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन खुशी जोशी और यशवंत कंवर ने किया तथा आभार हनवंत सिंह चौहान ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. मुकेश शर्मा, भावेश पालीवाल, मनीष खंडेलवाल, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता शंकर लाल गाडरी, वीरेन्द्र सिंह चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

लद्दाख में बैंकिंग सेवाओं और ऋण वितरण को मजबूत करने के निर्देश

लेह @ पदमावत मीडिया। लद्दाख के मुख्य सचिव आशीष कुंद्रा की अध्यक्षता में 16वीं केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक हुई। इसमें जून 2026 तक बैंकों के



प्रदर्शन, ऋण वितरण, जमा राशि, ऋण-जमा अनुपात और सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बैंकों ने प्राथमिकता क्षेत्र में 373 करोड़ रुपये सहित कुल 834 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए। जून 2026 तक कुल जमा राशि 12.32 प्रतिशत बढ़कर 11,630.35 करोड़ रुपये और कुल ऋण 10.48 प्रतिशत बढ़कर 5,319.22 करोड़ रुपये पहुंच गया। प्रदेश का ऋण-जमा अनुपात 45.74 प्रतिशत रहा। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के समन्वय से हर महीने कम से कम एक बैंकिंग शिविर लगाया जाए। इनमें कृषि, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा और आवास सहित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के पात्र लाभार्थियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने दूरस्थ और सीमावर्ती वाइब्रेंट विलेज में बैंक शाखाएं, बैंकिंग केंद्र, बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट और एटीएम स्थापित करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए एकीकृत ऋण आवेदन फॉर्म तैयार करने के निर्देश भी दिए। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड के अधिकारियों सहित विभिन्न बैंकों एवं विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मानव शरीर पर प्रभावों की दी जानकारी

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। विज्ञान समिति के तत्वावधान में 2 नवंबर को उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मानव शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों पर विशेष वैज्ञानिक वार्ता आयोजित की गई। डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोलॉजी एंड एलाइड साइंसेज, नई दिल्ली की पूर्व निदेशक डॉ. शशि बाला सिंह ने बताया कि ऊंचाई बढ़ने के साथ वायुदाब और ऑक्सीजन का आंशिक दबाव कम हो जाता है। इससे हृदय गति और श्वसन दर बढ़ने, लाल रक्त कणिकाओं की संख्या में वृद्धि तथा भूख कम लगने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। उन्होंने भारतीय सैनिकों को कठिन परिस्थितियों के अनुकूल बनाने के लिए विकसित वैज्ञानिक उपायों, प्रशिक्षण विधियों और विशेष उपकरणों की जानकारी भी दी। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में इंजी. आर. के. चतुर ने वक्ता का स्वागत किया तथा प्रो. महीप भटनागर ने विषय की पृष्ठभूमि और वक्ता का परिचय दिया। कार्यक्रम में डॉ. के. एल. कोठारी, डॉ. के. पी. तलेसरा, इंजी. आर. के. खोखावत, डॉ. बी. एल. चावत, डॉ. कमला कंवरानी, मुनीष गोयल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

सेंट पॉल्स यूथ पार्लियामेंट-2026 का भव्य समापन छह जिलों के 250 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय मयार्दाओं और युवा नेतृत्व का दिखा उत्साह, विभिन्न समितियों के उत्कृष्ट प्रतिभागी हुए सम्मानित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजस्थान ब्यूरो हेड : ऋचा पानेरी

उदयपुर। सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर की ओर से संगम के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय सेंट पॉल्स यूथ पार्लियामेंट-2026 का रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में भव्य समापन हुआ। 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में छह जिलों के 15 विद्यालयों के करीब 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने संसदीय लोकतंत्र, राष्ट्रीय नीतियों, शिक्षा, विदेश नीति और समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तीन दिनों तक चले आयोजन में प्रतिभागियों ने शोध, तर्कशक्ति, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में उदयपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (यूसीसीआई) के अध्यक्ष एवं सेंट पॉल्स के पूर्व विद्यार्थी संदीप बापना मुख्य अतिथि रहे। राजस्थान पत्रिका के मुख्य संपादक राजीव जैन विशिष्ट अतिथि तथा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम से जुड़ी मोनिका स्वामी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि संदीप बापना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को सही बात के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए और अपने मूल्यों एवं सिद्धांतों के प्रति दृढ़ रहना चाहिए। उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए और भविष्य में विद्यार्थियों को विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में अवसर



उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने युवाओं से देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

राजस्थान पत्रिका के मुख्य संपादक राजीव जैन ने लोकतंत्र में मीडिया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जिम्मेदार पत्रकारिता की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखने, सवाल पूछने तथा समाज के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं, मोनिका स्वामी ने नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद कौशल को सफलता के महत्वपूर्ण आधार बताते हुए व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया।

छह समितियों में हुआ संसदीय विमर्श

आयोजन के दौरान छह अलग-अलग समितियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के विषयों पर संसदीय प्रक्रिया के अनुरूप चर्चा की। प्रतिभागियों ने विभिन्न जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक भूमिकाओं का निर्वहन करते हुए नीतिगत विषयों पर अपने तर्क प्रस्तुत किए। शोध, वाद-विवाद, संवाद और संसदीय मयार्दाओं के पालन के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इन विद्यार्थियों ने हासिल किए प्रमुख पुरस्कार

एसपीसीओई (विदेश मामलों की संसदीय समिति) में अमित शाह की भूमिका निभाने वाले विदित पंचोली को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि, अरविंद केजरीवाल की भूमिका में शाम्भवी सरस्वत को उच्च प्रशंसा, अभिषेक मनु सिंघवी की भूमिका में पार्थ पांडे को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता तथा अभिषेक बनर्जी की भूमिका में हिया द्विवेदी को विशेष उल्लेख से सम्मानित किया गया। भारत प्रेस की फोटोग्राफी श्रेणी में पार्व त्रिपाठी सर्वश्रेष्ठ फोटोग्राफर और गौरी राणावत उच्च प्रशंसा के लिए चुनी गईं। पत्रकारिता श्रेणी में प्राची जैन को सर्वश्रेष्ठ पत्रकार तथा देवयानी साहू को उच्च प्रशंसा मिली।

ऑल इंडिया पॉलिटिकल पार्टीज मीट (एआईपीपीएम) में दिव्यांश चंडालिया को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि, धैर्य कोठारी को उच्च प्रशंसा, गुनीत तेजोत को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता और काव्या सैनी को विशेष उल्लेख के लिए सम्मानित किया गया।

लोकसभा समिति में कल्याण बनर्जी की भूमिका निभाने वाले मोहीनीश सिरोया को सर्वश्रेष्ठ सांसद, सुप्रिया सुले की भूमिका में दिशि जैन को उच्च प्रशंसा, अखिलेश यादव की भूमिका में लक्षिता सिंघवी को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता और निशिकांत दुबे की भूमिका में नीरव इंटोदिया को विशेष उल्लेख मिला। शिक्षा संबंधी संसदीय समिति (एसपीसीओई) में राजीव राय की भूमिका निभाने वाले ऋषित कुमावत को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि, मोहम्मद हनीफा की भूमिका में अर्चिषा वाजपेयी को उच्च प्रशंसा, आजाद कीर्ति झा की भूमिका में वत्सल जोशी को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता तथा परिमल नाथवानी की भूमिका में भुवनेश्वरी चारण को विशेष उल्लेख के लिए चयनित किया गया। नीति आयोग समिति में वैष्णवी पाटीदार को सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि, प्रबल पनेरी को उच्च प्रशंसा, डिंपल कुंवर को सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता और कृषय माहेश्वरी को विशेष उल्लेख से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न समितियों में मौखिक प्रशंसा श्रेणी के तहत भी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

आयोजन टीम के प्रयासों की सराहना

तीन दिवसीय आयोजन के सफल संचालन में मुख्य समन्वयक सैमुअल फ्रांसिस एवं सुनीता सेबेस्टियन तथा एसोसिएट कोऑर्डिनेटर रोहित लोढ़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों, विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधियों, अतिथियों और आयोजन से जुड़े सदस्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया।

विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य फादर ए. जॉन बॉस्को के मार्गदर्शन में आयोजित इस यूथ पार्लियामेंट ने विद्यार्थियों को संसदीय प्रणाली को करीब से समझने का अवसर प्रदान किया। साथ ही, यह आयोजन नेतृत्व, तार्किक चिंतन, शोध, संवाद, टीम भावना और लोकतांत्रिक जिम्मेदारी जैसे गुणों के विकास का प्रभावी मंच बना। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने संसदीय कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों और जिम्मेदार नागरिकता के महत्व को भी समझा।

पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के तहत वॉकथॉन आयोजित, विद्यार्थियों ने ली शपथ

राजसमंद @ पदमावत मीडिया। पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के तहत जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा के निर्देशानुसार शिक्षा एवं खेल विभाग की ओर से बालकृष्ण स्टेडियम से इरिगेशन पाल तक वॉकथॉन आयोजित की गई। जिला खेल अधिकारी धर्म देव सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों और खिलाड़ियों ने भाग लिया। वॉकथॉन के बाद जिला पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल ने सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजकुमार कस्वा, नगर परिषद सभापति अनीता पालीवाल, उप पुलिस



अधीक्षक सेजल शेखावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सप्ताह के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सनवाड़ और जवाहर नवोदय विद्यालय में साइक्लोथॉन एवं योग गतिविधियां आयोजित की गईं। वहीं, कुंवारिया, भाणा, बालकृष्ण स्टेडियम और टांकों की भागल में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

निजी सहायक संवर्ग महासंघ में राधेश्याम शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मांगीलाल मेनारिया प्रदेश उपाध्यक्ष बने

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि महासंघ के संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमण पारीक और प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में संवर्ग के हितों के लिए कार्य किया जाएगा

उदयपुर। राजस्थान निजी सहायक संवर्ग महासंघ के डिजिटल माध्यम से हुए चुनावों के बाद नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की। इसमें उदयपुर जिला कलेक्टर के वरिष्ठ निजी सचिव राधेश्याम शर्मा को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में कार्यरत वरिष्ठ निजी सचिव मांगीलाल मेनारिया को





प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि महासंघ के संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमण पारीक और प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में संवर्ग के हितों के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने संवर्ग की लंबित मांगों के समाधान के लिए सरकार के समक्ष प्रभावी पैरवी करने और पांचवें पदोन्नति पद की व्यवस्था लागू करवाने के प्रयास करने की बात कही।

हृदय रोग जागरूकता शिविर में 100 से अधिक सदस्य लाभान्वित, तीन प्रतिभाओं का सम्मान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर। श्रीकृष्ण गोस्वामी भट्ट तैलंग समाज धर्मार्थ सेवा समिति और सी.के. बिरला हॉस्पिटल, दुगार्पुरा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को हृदय रोग जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अश्विनी शर्मा ने हृदय रोगों के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के साथ आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने वाली सीपीआर तकनीक की जानकारी दी। शिविर में समिति से जुड़े 100 से



अधिक सदस्य लाभान्वित हुए। इस दौरान डॉ. शर्मा का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका डॉ. रुचि गोस्वामी, शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली शेफाली गोस्वामी तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ श्रेय गोस्वामी को सम्मानित किया गया। डॉ. रुचि ने महिला सशक्तीकरण, बाल शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता और कौशल विकास संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर समाज की त्रैमासिक पत्रिका के प्रकाशन की घोषणा की गई। समिति अध्यक्ष नटवर गोस्वामी और महासचिव प्रबोध गोस्वामी सहित अन्य पदाधिकारियों ने समाजसेवा से अधिक से अधिक सदस्यों को जुड़ने का आह्वान किया।

इच्छाओं का घड़ा कभी नहीं भरता, धन के पीछे धर्म को न भूलें

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। दूधिया गणेश जी स्थित श्री वर्धमान पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र के गुरु पुष्कर प्रवचन सभागार में आयोजित धर्मसभा में उपप्रवर्तिनी महासती साध्वी मंजुल ज्योति ने कहा कि मनुष्य धन और इच्छाओं के पीछे भागते हुए धर्म को भूल जाता है, जबकि इच्छाओं का घड़ा कभी नहीं भरता। राजा और पुरोहित की कहानी के माध्यम से उन्होंने श्रद्धालुओं को जीवन का यथार्थ समझाते हुए कहा कि संसार में मनुष्य की पहचान समय के साथ धूमिल हो जाती है, इसलिए धन के मोह में धर्म और सद्कर्मों को नहीं भूलना चाहिए। मीडिया प्रभारी विनोद कोठारी ने बताया कि साध्वी वंदिता के सानिध्य में दैनिक पैंसठिया छंद जाप हुआ,



जिसके लाभार्थी वया परिवार रहे। जाप के बाद लक्की ड्रॉ और गुरु वंदन किया गया। साध्वी मंजुल ज्योति ने एक दिन के प्रत्याख्यान में श्रद्धालुओं को आलू और अनार का त्याग करवाया। धर्मसभा में रामपुरा, हर्ष नगर, सीसारमा और दूधिया गणेश जी सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पानेरियों की मादड़ी में पीएम श्री योजना के तहत आयोजित सात दिवसीय जिला स्तरीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के छठे दिन छात्राओं और शिक्षिकाओं को योग, आत्मरक्षा, स्वास्थ्य एवं कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। योग विशेषज्ञ गगनदीप कुलहरि ने योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। मास्टर ट्रेनर नरेश कुमार और निरंजना शर्मा ने पंच, ब्लॉक तथा चाकू और लाठी के हमले एवं पीछे से पकड़ने जैसी परिस्थितियों में बचाव की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।

राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की न्याय



एवं अनुशासन समिति की प्रधान संरक्षक सुरभि मेनारिया ने लैंगिक समानता और घरेलू हिंसा पर जानकारी दी। आरएनटी मेडिकल कॉलेज की चिकित्सक रेणुका पेगवार ने स्वास्थ्य, स्वच्छता और बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। एडवोकेट ऋषभ ने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों और संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी। दिन के अंत में आत्मरक्षा तकनीकों का दोबारा अभ्यास कराया गया। शिविर का समापन मंगलवार, 3 नवंबर को होगा।

जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक, दिवाली से पहले कार्य पूरे करने के निर्देश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

डूंगरपुर। जिला कलेक्टर देशलदान ने सोमवार को जिला परिषद के ईडीपी सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और सभी कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग से खाद की उपलब्धता, फसल कटाई तथा कम अवधि और कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की जानकारी ली। चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान सभी चिकित्सा संस्थानों में संसाधनों की सुचारु उपलब्धता, मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक



व्यवस्थाएं, ओपीडी-आईपीडी की स्थिति और अस्पतालों में चल रहे निर्माण कार्य समय पर पूरे कराने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग से मिड-डे मील, विद्या संबलन योजना और अर्धवार्षिक परीक्षाओं की जानकारी ली, जबकि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से पेंशन योजनाओं, छात्रवृत्ति और छात्रावासों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने आरयूडीआईपी, रसद, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, पशुपालन, एवीएनएल, पीएचईडी, नगर परिषद सहित अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने पूर्व से चल रहे कार्यों को दिवाली से पहले पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, संतुष्टि दर बढ़ाने, परिवादियों से संवाद कर उन्हें कार्रवाई की जानकारी देने तथा ई-फाइल और ई-डाक का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में उपवन संरक्षक मोहित गुप्ता ने विभाग की ओर से आयोजित किए जाने वाले सप्ताह के कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रकाश चंद्र रैगर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

विकसित भारत युवा संवाद में 200 युवाओं ने ली लोकतांत्रिक शपथ, सांसद चुन्नीलाल गरासिया से किया सीधा संवाद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। मेरा युवा भारत (माय भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विकसित भारत युवा संवाद आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के निदेशक छात्र कल्याण डॉ. विक्रमादित्य दवे के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में करीब 200 युवाओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। देशभर के 500 विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत कार्यक्रम का



विषय अपना वोट जानें रहा। इस दौरान ओलंपिक एथलीट महेश्वरी चौहान और युवा आइकन कशिश चावला ने भी युवाओं के साथ अपने अनुभव साझा किए। सांसद गरासिया ने लोकतंत्र, निर्वाचन प्रक्रिया और मताधिकार के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए युवाओं के सवालों के जवाब दिए।



खुले संवाद के दौरान युवाओं ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं संशोधन, मतदान के अधिकार, निर्वाचन प्रक्रिया, लोकतांत्रिक संस्थाओं और शासन व्यवस्था में युवाओं की भागीदारी से जुड़े सवाल पूछे। सांसद गरासिया ने युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की जानकारी रखने और जिम्मेदारीपूर्वक मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। महेश्वरी चौहान ने अपनी खेल यात्रा के अनुभव साझा करते हुए अनुशासन, निरंतर प्रयास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। कशिश चावला ने भी युवाओं से लोकतांत्रिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह पंवार, डॉ. जिनेंद्र शास्त्री और आरएएस अधिकारी प्रमोद कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समापन पर सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने युवाओं को लोकतांत्रिक शपथ दिलाई। युवाओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए विकसित भारत @2047 के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

बाल कलाकार को लेकर निर्माताओं को श्रम विभाग ने किया तलब

कानूनी पचड़े में फंसी रवि तेजा की फिल्म



रवि तेजा की फिल्म 'इरुमुडी' कानूनी विवाद में फंस गई है। तेलंगाना श्रम विभाग ने फिल्म में बाल कलाकार नक्षत्र को लेकर निर्माताओं को नोटिस भेजा है। एक कार्यक्रम में बच्ची के उपनाम के लिए एक शब्द का इस्तेमाल करने के लिए रवि की आलोचना हो रही है।

साउथ के बेहतरीन कलाकार रवि तेजा की अदाकारी वाली फिल्म 'इरुमुडी' कानूनी विवाद में फंस गई है। बाल कलाकार नक्षत्र को लेकर मिली एक शिकायत के बाद, तेलंगाना श्रम विभाग ने फिल्म के निर्माताओं को नोटिस भेजा है। विभाग ने यह कदम तब उठाया जब उन्हें इस बात की शिकायत मिली कि एक नाबालिग बच्ची को फिल्म की शूटिंग और प्रचार में शामिल किया गया था। इस मामले को लेकर फिल्म के निर्माता, 'मैथरी मूवी मेकर्स' के साथ एक बैठक तय की गई है।

संगठन ने उठाए ये मुद्दे

तेलंगाना टुडे के मुताबिक 'जय लोक सत्ता' के संस्थापक-अध्यक्ष सी. महेश बाबू ने श्रम विभाग में एक शिकायत दर्ज कराई है। इसमें नक्षत्र के काम के घंटे, उसे मिलने वाली फीस और अन्य मुद्दों को उठाया गया है। रंगा रेड्डी जोन के संयुक्त श्रम आयुक्त ने 4 नवंबर को प्रोडक्शन हाउस के साथ एक बैठक बुलाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विभाग इस बात की भी जांच करेगा कि क्या किसी प्रचार कार्यक्रम के दौरान हुई बातचीत या इस्तेमाल की गई भाषा से बाल कलाकार की गरिमा और सुरक्षा पर कोई असर पड़ा है।

विभाग ने कौन से दस्तावेज मांगे?

विभाग ने जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति, माता-पिता की सहमति, काम के घंटे, उपस्थिति, पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था और सुरक्षा उपायों से जुड़े दस्तावेज मांगे हैं। निर्माताओं से यह भी कहा गया है कि वे नक्षत्र के प्रचार गतिविधियों में शामिल होने का रिकॉर्ड दें। इसके अलावा यह जानकारी दें कि क्या उसकी कमाई का 20% हिस्सा उसके नाम पर किसी फिक्स्ड डिपॉजिट खाते में जमा किया गया है या नहीं। निर्माताओं को निर्देश दिया गया है कि वे बैठक में जरूरी दस्तावेज साथ लेकर आएं।

रवि तेजा की क्यों हुई आलोचना?

तेलंगाना श्रम विभाग का यह कदम ऐसे समय में सामने आया है, जब 'इरुमुडी' के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान रवि तेजा की आलोचना हो रही है। उन पर आरोप है कि उन्होंने नक्षत्र के बारे में बात करते हुए एक अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया। अगस्त में हुए इस कार्यक्रम के दौरान, बाल कलाकार ने उनसे पूछा, 'आप मुझे क्या उपनाम' देना चाहेंगे?' इस पर रवि ने दो बार एक आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया, जिस पर उनके आस-पास मौजूद लोग असहज होकर हंसने लगे।

क्या बोले थे रवि?

जब बच्ची ने कहा, 'सॉरी, मुझे इसका मतलब नहीं पता,' तो रवि ने जवाब दिया, 'मैं तुम्हें बाद में बताऊंगा।' हालांकि इस शब्द का शाब्दिक अर्थ 'समय से पहले परिपक्व होना' होता है। ये शब्द कभी-कभी किसी बहुत समझदार बच्चे के लिए प्यार से इस्तेमाल किया जाता था। मगर महिलाओं के संदर्भ में इसे एक अपमानजनक शब्द के रूप में भी देखा जाता है। इस मामले पर जहां कई यूजर्स अभिनेता की आलोचना की, वहीं उनके फैंस ने उनका बचाव करते हुए कहा कि इस शब्द का इस्तेमाल अक्सर प्यार से किया जाता है।



13 साल का इंटरफेथ रिलेशनशिप

चंद मिनटों में हिना -रॉकी ने रिश्ते को दिया नाम



प्यार को शादी तक पहुंचाने के लिए लोग अक्सर सालों तक प्लानिंग करते हैं. परिवार की रजामंदी से लेकर शादी की तारीख और तैयारियों तक, हर छोटी-बड़ी बात पर ध्यान दिया जाता है. लेकिन टीवी एक्ट्रेस हिना खान और रॉकी जायसवाल की शादी की कहानी कुछ अलग है. 13 साल से ज्यादा समय तक एक-दूसरे के साथ रहने के बाद दोनों ने अचानक शादी करने का फैसला किया. खास बात यह है कि उनकी शादी में 15 मिनट से भी कम समय लगा. अब हिना ने खुद बताया है कि आखिर उन्होंने इतनी जल्दी शादी करने का फैसला क्यों लिया था.

कुछ रिश्ते वक्त के साथ और गहरे होते जाते हैं. इनमें कभी प्यार की परीक्षा होती है तो कभी मुश्किल हालात रिश्ते को एक नया मतलब दे देते हैं. हिना खान और रॉकी जायसवाल की प्रेम कहानी भी कुछ ऐसी ही है. 13 साल से ज्यादा समय तक एक-दूसरे का साथ निभाने वाले इस कपल ने कई उतार-चढ़ाव देखे. खासकर हिना की जिंदगी में आए उस मुश्किल दौर ने दोनों के रिश्ते को और मजबूत बना दिया. जब भविष्य को लेकर मन में कई सवाल थे, तब दोनों ने एक ऐसा फैसला लिया, जिसकी शायद किसी ने कल्पना भी नहीं की थी. न लंबी तैयारी, न बड़ी रस्में और न ही महीनों का इंतजार. बस कुछ मिनटों में जिंदगी भर साथ रहने का वादा कर लिया. अब हिना ने अपनी इस झटपट शादी के पीछे छिपी इमोशन्स का खुलासा टेनिस स्टार सानिया मिर्जा के नए शो पर किया. हिना खान और रॉकी जायसवाल की शादी ने सभी को शॉक्ड किया. बिना किसी प्लानिंग के उन्होंने ऐसा क्यों किया ये सवाल उनके फैंस के मन में था. हिना खान ने हाल ही में टेनिस स्टार सानिया मिर्जा के नए शो पर अपनी शादी से जुड़ी कई बातें शेयर कीं. बातचीत के दौरान सानिया ने उन्हें शादी के दिन की एक तस्वीर दिखाई. इसे देखकर हिना मुस्कुराने लगीं और उस खास पल को याद किया. उन्होंने बताया कि उनकी शादी पहले से तय नहीं थी. हिना ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि वह और रॉकी शादी के लिए पहले से तैयार थे. दोनों 10 साल से ज्यादा समय से साथ थे और उनका रिश्ता करीब 13-14 साल पुराना था. लेकिन उस समय हिना की सेहत ठीक नहीं थी. वह स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही थीं और उनका इलाज चल रहा था. ऐसे में उन्हें भविष्य को लेकर अनिश्चितता महसूस हो रही थी. इसी वजह से उन्होंने रॉकी के सामने शादी का प्रपोजल रखा.

हो सकता है...

क्या शाहिद के घर गूंजेगी तीसरी बार किलकारी?

शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत हाल ही में करीना कपूर खान के चैट शो 'व्हाट विमेन वांट' में नजर आईं। यहाँ दोनों ने रिश्तों, शादी, पारिवारिक जीवन और अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ अफवाहों पर खुलकर बातचीत की। जारी हुए आने वाले एपिसोड के एक नए प्रोमो में उनकी मजेदार बातचीत की झलक देखने को मिली, जिसमें मीरा ने अपने पति शाहिद कपूर के साथ परिवार बढ़ाने की अटकलों पर बात की। बातचीत के दौरान, करीना ने मीरा से पूछा कि उन्होंने अपने बारे में सुनी गई सबसे अजीब अफवाह कौन सी है। इस सवाल के जवाब में मीरा ने बताया कि यह अफवाह उनके और शाहिद के तीसरे बच्चे के माता-पिता बनने के बारे में थी।

क्या तीसरी बार मां बनेंगी मीरा राजपूत?

मीरा के जवाब पर करीना ने मजाक में कहा, 'हो सकता है। मीरा ने तुरंत इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा, 'बिल्कुल नहीं, हमारा परिवार पूरा हो चुका है। एपिसोड से पहले, करीना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शो के सेट से मीरा के साथ एक तस्वीर शेयर की और उन्हें बहुत ही मिलनसार और प्यारी बताया। मीरा ने इस पोस्ट को रीशेयर किया और शो में बुलाने के लिए करीना का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा कि उन्हें इससे बेहतर साथ नहीं मिल सकता था। करीना के शो में मीरा का आना इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि अतीत में करीना और शाहिद कपूर का रिश्ता रह चुका है।



कूदा फैन तो

चिल्लाईं सिंगर सुनंदा शर्मा

फेमस सिंगर सुनंदा शर्मा की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। जयपुर में लाइव परफॉर्मेंस के दौरान एक फैन स्टेज पर चढ़ गया। उसे देखकर सुनंदा घबरा गईं और चिल्लाते हुए तुरंत पीछे हट गईं। इसके बाद सिक्योरिटी ने तुरंत युवक को काबू किया और घसीटते हुए स्टेज से नीचे उतारा। इससे पहले भी गाजियाबाद में सुनंदा शर्मा के साथ ऐसा ही वाकया हो चुका है। इस मामले को लेकर फिलहाल सिंगर की तरफ से कोई रिएक्शन नहीं आया है।

जयपुर के कॉलेज में था सुनंदा का लाइव शो

सुनंदा शर्मा को जयपुर के आनंद इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में बुलाया गया था। 31 अक्टूबर को वह कॉलेज कैंपस में एकोना-2026 नाम के इंटर-कॉलेजिएट टेक्नो-कल्चरल फेस्ट में शामिल हुईं। रात करीब साढ़े 8 बजे सुनंदा स्टेज पर परफॉर्म कर रही थीं। इसी दौरान एक फैन स्टेज पर चढ़ गया।



सुरक्षाकर्मियों ने पीटा तो सुनंदा बोलीं- इट्स ओके

सुनंदा की सुरक्षा में चूक से जुड़ा 23 सेकेंड का वीडियो सामने आया है, जिसमें सिंगर स्टेज पर परफॉर्म कर रही हैं। वह गाते हुए स्टेज पर फैंस की तरफ बढ़ती हैं। तभी सामने से एक फैन स्टेज पर आ जाता है और सुनंदा के पैर छूने की कोशिश करता है।

शादी पर बोलीं सीआईडी की अभिनेत्री?



अभिनेत्री अंशा सैयद टीवी का एक जाना पहचाना चेहरा हैं। इंडस्ट्री में तो उन्होंने अपने अभिनय की छाप छोड़ी ही है, वह दर्शकों की भी चहेती हैं। अभिनेत्री अपनी निजी जिंदगी के बारे में कम ही बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी निजी जिंदगी के बारे में कई बातें बताई हैं। अभिनेत्री ने बातचीत में बताया कि वह सिंगल हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि जो महिलाएं बहुत आत्मनिर्भर होती हैं, उन्हें इससे गुजरना पड़ता है। बहुत सारे लोग पूछते हैं कि तुम्हारा कोई पार्टनर क्यों नहीं है। मुझे नहीं पता कि पार्टनर क्यों नहीं है। कई बार आत्मनिर्भर होने की वजह से, तो कई बार फेल रिलेशनशिप की वजह से ऐसा होता है।'

कब से सिंगल हैं अभिनेत्री?

अभिनेत्री ने अपने रिश्ते के बारे में कहा, 'मेरे फेल रिलेशनशिप को भी 15 साल हो गए हैं। इसके बाद मैं कई लोगों से मिली, लेकिन बात नहीं बनी। मजबूत महिलाओं के साथ ऐसा होता है। 13 साल से मैं सिंगल हूं और मैं किसी रिलेशनशिप में नहीं रही। ना ही किसी तरह की सिचुएशनशिप में रही।'



बिग बी की बढ़ाई गई सुरक्षा

- बम की धमकी और फैन की घुसपैठ के बाद बढ़ाई सुरक्षा

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की सुरक्षा को लेकर अब और सतर्कता बरती जा रही है। हाल ही में उनके लिए एक धमकी भरा मेल भी भेजा गया था। अब इसके बाद उनकी सिक्योरिटी को और भी टाइट कर दिया गया है। एक्टर अमिताभ बच्चन हर रविवार फैंस से मिलने के लिए अपने घर जलसा से बाहर आते हैं। इस दौरान उनके घर के बाहर भारी संख्या में फैंस की भीड़ जमा होती है। इसके अलावा बीते दिनों अमिताभ बच्चन को धमकी भी मिली थी। अब इन सब मामलों को देखते हुए एक्टर की सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है।

इस वजह से बढ़ाई गई सुरक्षा

पिछले रविवार एक फैन सुरक्षा घेरा पार कर अमिताभ तक पहुंच गया था। इससे पहले मुंबई पुलिस को एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें कहा गया था कि अमिताभ बच्चन के मुंबई वाले बंगले को निशाना बनाया गया है। यह धमकी भरा ईमेल मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स इलाके के एक स्कूल को मिला था।

डेब्यू निकली महाफ्लॉप

4 साल से HIT के

इंतजार में हैं मानुषी

मानुषी छिल्लर ने 20 साल की उम्र में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था. वो महज 20 साल की थीं जब उन्होंने ये खिताब अपने नाम किया था. साल 2017 में मिस वर्ल्ड रहीं मानुषी ने फिल्मों में किस्मत आजमाई लेकिन अभी तक वो सिल्वर स्क्रीन पर सफलता हासिल नहीं कर पाई हैं. पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने एचटी सिटी के शो पर शिरकत करने के दौरान ब्यूटी पेजेंट से लेकर फिल्मों तक के अपने सफर पर खुलकर बात की. उन्होंने अपने करियर को लेकर अपने आगे का प्लान भी शेयर किया. मानुषी ने 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था. 9 साल बाद वो कहती हैं कि इस दौरान उन्होंने एक चीज सीखी हैं कि हमेशा अपनी इंस्टिंक्ट पर भरोसा करना चाहिए. मानुषी छिल्लर कहती हैं कि जब उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था तो वो काफी उत्साहित थीं. वो नई चीजें सीखने के लिए काफी उत्साहित थीं लेकिन साथ ही उन्होंने उन लोगों की राय लेनी भी शुरू कर दी जो पहले से इंडस्ट्री में थे. मानुषी कहती हैं कि कई सारे लोगों की राय आखिरकार आपको कंफ्यूज कर देती है. मानुषी का मानना है कि उनके लिए यह समझना जरूरी रहा कि करियर में आगे बढ़ने के लिए सिर्फ दूसरों के अनुभव पर निर्भर नहीं रहा जा सकता. अपनी पसंद और समझ के आधार पर फैसले लेना भी उतना ही अहम है. अभिनेत्री ने फिल्म इंडस्ट्री को अनिश्चितताओं से भरा पेशा बताया.

स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक : पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । सम्पादक : पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, मो. नं.: +91-95945-42679 / e-mail: padmavatmedia@gmail.com / Web: padmavatmedia.in / पंजीकृत संख्या : MH180326353 / (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।